*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

---

## हिंदी विश्वविद्यालय में वन्य जीव पर चित्र प्रदर्शनी का उदघाटन आज

## विश्वविद्यालय, बहार नेचर फाउंडेशन, जनकृति का संयुक्त उपक्रम

वर्धा दि. 03 अक्तूबर 2015: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में बहार नेचर फाउंडेशन एवं जनकृति संस्था तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में रविवार दि. 04 अक्तूबर 2015 को विश्वविद्यालय के अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ भवन में 'वन्य जीव चित्र प्रदर्शनी' एवं वन्य जीवन पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। चित्र प्रदर्शनी का उदघाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र द्वारा प्रात: 11.00 बजे किया जाएगा।
यह प्रदर्शनी सायं 7.00 बजे तक सभी के लिए नि:शुल्क खुली रहेगी।

चित्र प्रदर्शनी के उदघाटन के बाद अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ के सभागार में वन्य जीवों के महत्व पर व्याख्यान एवं पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें वन्य जीव विशेषज्ञ पराग दांडगे द्वारा विदर्भ क्षेत्र की जैव-विविधता एवं वन्य जीवन अधिनियम पर व्याख्यान एवं पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन होगा। पक्षी विशेषज्ञ डॉ. किशोर वानखेडे 'पक्षी जीवन' पर व्याख्यान देंगे। 'सांप - एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण' विषय पर संजय इंगले तिगांवकर व्याख्यान देंगे।

इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ लेने का आहवान बहार नेचर फाउंडेशन के अध्यक्ष किशोर वानखेडे, रमेश बाकडे, रवींद्र पाटिल, दिलीप वीरखेडे, राहुल तेलरांधे, डॉ. बाबाजी चेवडे, संजय इंगले तिगांवकर, डॉ. जयंत वाघ, जयंत सबाने, पराग दांडगे, दीपक गुढेकर, स्नेहल कुबडे, वैभव देशमुख, अश्विन श्रीवास, राजदीप राठोड़, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, कार्यक्रम अधिकारी बी. एस. मिरगे, स्वयंसेवक गोदावरी ठाकुर, प्रिया माली, उज्ज्वल डेका, आशुतोष विश्वकर्मा, नर्मदा ठाकुर, जनकृति संस्था के अध्यक्ष कुमार गौरव, उपाध्यक्ष मनीष कुमार, सचिव कविता सिंह, उपसचिव राजकुमार, राकेश विक्रम सिंह आदि ने किया है।

## हिंदी विश्वविद्यालयात वन्य जीव चित्र प्रदर्शनाचे उदघाटन आज

## विश्वविद्यालय, बहार नेचर फाउंडेशन, जनकृतीचे आयोजन

वर्धा दि. 03 ऑक्टोबर 2015: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात बहार नेचर फाउंडेशन, जनकृति संस्था तथा राष्ट्रीय सेवा योजना यांच्या संयुक्त विद्यमाने रविवार दि. 04 ऑक्टोबर 2015 रोजी विश्वविद्यालयातील अनुवाद व निर्वचन विद्यापीठ भवनात 'वन्य जीव चित्र प्रदर्शन' आणि वन्य जीवन यावर एका कार्यक्रमाचे आयोजन करण्यात आले आहे. चित्र प्रदर्शनाचे उदघाटन विश्वविद्यालयाचे कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांच्या द्वारे सकाळी 11.00 वाजता करण्यात येणार आहे. हे प्रदर्शन सायं 7.00 वाजेपर्यंत सर्वांसाठी नि:शुल्क राहणार आहे.

यावेळी वन्य जीव तज्ज्ञ पराग दांडगे हे विदर्भातील जैव-विविधता आणि वन्य जीवन अधिनियम यावर  व्याख्यान देतील आणि पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशनच्या माध्यमातून महत्व विषद करतील. पक्षी विशेषज्ञ तसेच बहार नेचर फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. किशोर वानखेडे हे 'पक्षी जीवन' या विषयावर व्याख्यान देतील. 'साप - एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण' या विषयावर संजय इंगळे तिगावकर आपले मत मांडतील.

चित्रप्रदर्शन आणि व्याख्यानाचा लाभ घेण्याचे आवाहन बहार नेचर फाउंडेशनचे अध्यक्ष किशोर वानखेडे, रमेश बाकडे, रवींद्र पाटिल, दिलीप वीरखेडे, राहुल तेलरांधे, डॉ. बाबाजी चेवडे, संजय इंगळे तिगांवकर, डॉ. जयंत वाघ, जयंत सबाने, पराग दांडगे, दीपक गुढेकर, स्नेहल कुबडे, वैभव देशमुख, अश्विन श्रीवास, राजदीप राठोड़, राष्ट्रीय सेवा योजनेचे संयोजक डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, कार्यक्रम अधिकारी बी. एस. मिरगे, स्वयंसेवक गोदावरी ठाकुर, प्रिया माळी, उज्ज्वल डेका, आशुतोष विश्वकर्मा, नर्मदा ठाकुर, जनकृती संस्थेचे अध्यक्ष कुमार गौरव, मनीष कुमार, कविता सिंह, राजकुमार, राकेश विक्रम सिंह आणि वन्य जीव प्रेमींनी केले आहे.